Bharat Temples

लम्बोर धाम में जो भी माँ का दर्शन करने आते हैं

लम्बोर धाम में जो भी माँ का दर्शन करने आते हैं
चरणों में शीश झुका के माँ का आशीष पाते हैं

मंगल गाये माँ को रिझाये महिमा है इनकी बड़ी
संकट हो या कष्ट सताए रहती है हर दम कड़ी
माँ की गड़ो में बैठ के सारे जीवन का सुख पाते हैं
चरणों में शीश झुका के माँ का आशीष पाते हैं

नवरात्र आया माँ ने लगाया दरबार अपना यहाँ
नर नारी परिवार भी आया मेला सा लगता यहाँ
जात जड़ूला करने दर पर दूर दोर से आते हैं
चरणों में शीश झुका के माँ का आशीष पाते हैं

डगमग डोले जिनकी नैया माँ का धयान लगाए
बांके मैया पल में खिवैया भव से पार लगाए
मन मंदिर में माँ की मूरत प्रेम से सारे सजाते हैं
चरणों में शीश झुका के माँ का आशीष पाते हैं

मनसा माता सा ना दाता विश्वास जो ये करे
खाली कोई दर से ना जाता पल में ये झोली भरे
बिट्टू ये सुनती है दिल की दिल से जो फरमाते हैं

चरणों में शीश झुका के माँ का आशीष पाते हैं

Source:
https://www.bharattemples.com/lambor-dham-me-jo-bhi-maa-ka-darshan-karne-aate-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw